**बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम में सहायक लेखा पदाधिकारी, प्रमण्डलीय लेखापाल, वाणिज्य लेखापाल एवं लेखापाल (कार्य) के रिक्त पदों पर नियोजन के लिये दिनांक–25.09.2023, 26.09.2023 एवं 27.09.2023 को आयोजित अंतर्वीक्षा–सह–चयन समिति की बैठक की कार्यवाहीः–**

---

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम में निम्नांकित पदों पर नियोजन हेतु समाचार पत्रों दिनांक–22.03.2023 को विज्ञापन प्रकाशित कराया गयाः–

1. सहायक लेखा पदाधिकारी – 01 पद (01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग)
2. प्रमण्डलीय लेखापाल – 02 पद (01 पद–अनारक्षित एवं 01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग)
3. वाणिज्य लेखापाल – 03 पद (01 पद–अनारक्षित, 01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं 01 पद–अनुसूचित जाति)
4. लेखापाल (कार्य) – 01 पद (01 पद–अनारक्षित)

समाचार पत्रों में प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 12.04.2023 तक सहायक लेखा पदाधिकारी के पद के लिये 05, प्रमण्डलीय लेखापाल के लिये 25, वाणिज्य लेखापाल के लिये 31 एवं लेखापाल (कार्य) के पद पर नियोजन के लिये 19 आवेदन प्राप्त हुआ तथा इन पदों पर नियोजन के लिये क्रमशः 03, 17, 17 एवं 10, कुल–47 अभ्यर्थी अंतर्वीक्षा के लिये shortlist किये गये। उपर्युक्त पदों पर नियोजन के लिये अंतर्वीक्षा की तिथि की सूचना, ज्ञापांक–एच0क्यू0 3195 दिनांक–12.09.2023 के द्वारा निगम के वेबसाईट पर प्रकाशित की गयी एवं सभी अभ्यर्थी को इसकी सूचना ई–मेल एवं दूरभाष पर भी दी गयी।

नियोजन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाये रखने के उद्देश्य से उपर्युक्त पदों पर नियोजन के लिये ज्ञापांक–एच0क्यू0 3194 दिनांक–12.09.2023 के द्वारा अंतर्वीक्षा समिति का गठन निम्नवत किया गयाः–

1. **श्री विनय कुमार** भा0पु0से0 — **अध्यक्ष**
   पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक
   बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम,
2. **श्री अनुराधा चन्द्र** — **सदस्य**
   अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–1, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम,
3. **श्री हेमन्त कुमार** — **सदस्य**
   मुख्य लेखा पदाधिकारी बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
4. **श्री रितेश आनंद** — **सदस्य**
   वित्तीय सलाहकार, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
5. **श्री प्रशान्त कुमार सिन्हा** — **सदस्य**
   वित्तीय सलाहकार–सह–मुख्य लेखा पदाधिकारी,
   बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0
6. **श्रीमती शिखा,** — **सदस्य**
   कंपनी सचिव, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

निर्धारित तिथि 25.09.2023, 26.09.2023 एवं 27.09.2023 को सहायक लेखा पदाधिकारी के पद पर नियोजन के लिये 02 अभ्यर्थी, प्रमण्डलीय लेखापाल के लिये 15 अभ्यर्थी, वाणिज्य लेखापाल के लिये 13 अभ्यर्थी एवं लेखापाल (कार्य) के पद पर नियोजन के लिये 10 अभ्यर्थी अंतर्वीक्षा में उपस्थित हुये।

सहायक लेखा पदाधिकारी, प्रमण्डलीय लेखापाल, वाणिज्य लेखापाल एवं लेखापाल (कार्य) के पदों पर नियोजन के लिये समिति द्वारा वांछित कोटि के अभ्यर्थियों के चयन की अनुशंसा उनके द्वारा प्राप्त अंक एवं वरीयता के आधार पर निम्नवत की गयी है:–

1. **सहायक लेखा पदाधिकारी–** **01 पद (01–अत्यंत पिछड़ा वर्ग)**
   01–अत्यंत पिछड़ा वर्ग– श्री जितेन्द्र कुमार, पिता–श्री साधु शरण गुप्ता
2. **प्रमण्डलीय लेखापाल–** **02 पद (01 पद–अनारक्षित एवं 01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग)**
   01 पद–अनारक्षित– श्री राजीव रंजन, पिता–श्री रूद्रेश्वर सिंह
   01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग– श्री राज कुमार, पिता–स्व0 नन्हक महतो
3. **वाणिज्य लेखापाल –** **03 पद (01–अनारक्षित, 01–अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं 01–अनुसूचित जाति)**
   01–अनारक्षित– श्री राजीव रंजन, पिता–श्री रूद्रेश्वर सिंह
   01–अत्यंत पिछड़ा वर्ग– श्री जितेन्द्र कुमार, पिता–श्री साधु शरण गुप्ता
   01–अनुसूचित जाति– रिक्त
4. **लेखापाल (कार्य)–** **01 पद (01–अनारक्षित)**
   01–अनारक्षित– श्री कुन्दन कुमार, पिता–श्री अलख निरंजन सिंह

कई अभ्यर्थी एक से अधिक पद पर नियोजन हेतु अनुशंसित हैं। ऐसे अभ्यर्थी से विकल्प प्राप्त कर प्राप्ति के पश्चात् रिक्त पदों के लिये वरीयता में अगले अधिक प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

उपर्युक्त पदों पर नियोजन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों का स्वच्छता/चरित्र प्रमाण पत्र, अभ्यर्थी के आवेदन में उल्लेखित सभी मूल प्रमाण पत्र यथा–शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, निगमों या सरकारी विभागों में कार्यरत अभ्यर्थियों के संबंधित नियंत्री प्राधिकार से उनके विरूद्ध लंबित जाँच/ कार्रवाई एवं उसके सत्यापनोपरान्त उनका संविदा नियोजन पर विचार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| Shikha 29/09/2023<br>श्रीमती शिखा<br>(कंपनी सचिव)<br>बि0पु0भ0नि0नि0 | Ritesh Anand 29/09/23<br>श्री रितेश आनंद<br>(वित्तीय सलाहकार)<br>बि0पु0भ0नि0नि0 | 29/9/23<br>श्री प्रशांत कुमार सिन्हा<br>मु0ले0पदा0 सह वि0सलाह0<br>बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 |
| Hemant 29/09/2023<br>श्री हेमन्त कुमार<br>(मु0 ले0 पदा0)<br>बि0पु0भ0नि0नि0 | Chandra 29/9/23<br>श्री अनुराधा चन्द्र<br>(अधी0 अभि0, कार्य अंचल–2)<br>बि0पु0भ0नि0नि0 | 29/9/23<br>श्री विनय कुमार<br>(पुलिस महानिदेशक सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक)<br>बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम |